यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने नोएडा में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट चैम्पियंस का अभिनंदन किया

~पैकेजिंग की प्रमुख कंपनी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की और उन्हें नगद पुरस्कार से सम्मानित किया~

नोएडा, एनसीआर, 21 दिसंबर, 2022: यूफ्लेक्स लिमिटेड के सीएमडी श्री अशोक चतुर्वेदी ने आज नोएडा, भारत में स्थित यूफ्लेक्स कॉर्पोरेट ऑफिसेस में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का अभिनंदन किया। यूफ्लेक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में भारत में ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये 50 लाख रूपये का सीएसआर अनुदान दिया है।

इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) से मान्यता प्राप्त है और इसने अपना तीसरा टी20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड जीतकर हैट्रिक पूरी की है। इन्होंने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश को 120 रनों के बड़े अंतर से हराया है।

भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिये सीएसआर फंडिंग के अलावा, यूफ्लेक्स लिमिटेड के सीएमडी श्री अशोक चतुर्वेदी ने आज कंपनी के कॉर्पोरेट ऑफिसेस में आयोजित अभिनंदन समारोह में 17 खिलाड़ियों, उनके कोच और फिजियो में से प्रत्येक को 51,000 रूपये का चेक भी दिया, जोकि इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम के मौजूदा दल में हैं।

हाल ही में संपन्न हुए टी20 वर्ल्ड कप में प्रशंसनीय प्रदर्शन पर टीम को बधाई देते हुए श्री चतुर्वेदी ने कहा, "टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन ब्लाइंड टीम का हैट्रिक परफॉर्मेंस दिल को खुश करने वाला है और उनकी उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। वर्ल्ड कप में उनकी जीत की श्रृंखला इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि सही सहयोग और प्रेरणा से आप सारी विपरीत स्थितियों के बावजूद विजेता बन सकते हैं। इन क्रिकेटरों के

लिये यह सफर आसान नहीं था, लेकिन अपनी दृढ़ता और लगन से उन्होंने दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी है। हम बीसीसीआई से आग्रह करते हैं कि वे इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का संज्ञान लें और खिलाड़ियों को मजबूत आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि वे भारत का गौरव बढ़ाते रहें। यूफ्लेक्स में हम इस बात से बहुत खुश हैं कि हमें दृष्टिहीनों के क्रिकेट को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिला है और हम उनके सफर में उनका उत्साह बढ़ाते रहेंगे।"

सीएबीआई- क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया एक शीर्ष संस्था है, जो भारत में दृष्टिहीनों के लिये क्रिकेट का संचालन, आयोजन और विकास करती है। भारत के 24 राज्यों में इसके एसोसिएशंस हैं और घरेलू स्तर के विभिन्न टूर्नामेंट्स से 25000 से ज्यादा खिलाड़ी जुड़े हुए हैं। सीएबीआई को वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट लिमिटेड (डब्ल्यूबीसी) और इंडियन पैरालिम्पिक कमिटी से मान्यता प्राप्त है और यह समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसऐबल्ड की क्रिकेटिंग शाखा तथा पहल है।

यूफ्लेक्स के विषय में:

यूफ्लेक्स भारत की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय फ्लेक्सिबल पैकेजिंग एवं सॉल्यूशंस कंपनी है। 1985 में अपनी शुरूआत के बाद से यूफ्लेक्स ने खुद को मजबूत बनाते हुए तरक्की की है और पैकेजिंग की महत्व श्रृंखला के सभी प्रभागों में मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है, जैसे कि पैकेजिंग फिल्म्स, केमिकल्स, एसेप्टिक लिक्विड पैकेजिंग, होलोग्राफी, फ्लेक्सिबल पैकेजिंग, प्रिंटिंग सिलेंडर्स और इंजीनियरिंग।

दुनियाभर में अभिनव, मूल्य-वर्द्धित और अनुकूल पैकेजिंग सॉल्यूशंस विकसित करने वाले 10,000 से ज्यादा बहु-सांस्कृतिक कार्यबल के साथ कंपनी ने भारत और विदेशों में 'पैकेजिंग उद्योग' की रूपरेखा को परिभाषित करने की असीम प्रतिष्ठा पाई है। कंपनी विभिन्न सेक्टरों, जैसे एफएमसीजी, कंज्यूमर प्रोडक्ट गुड्स, फार्मास्युटिकल्स, बिल्डिंग मटेरियल्स, ऑटोमोबाइल्स, आदि में कई फॉर्च्यून 500 ग्राहकों को संपूर्ण समाधान प्रदान करती है, वह भी 150 से ज्यादा देशों में। भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएडा में यूफ्लेक्स का मुख्यालय है और भारत, यूएई, मेक्सिको, इजिप्ट, यूएसए, पोलैण्ड, रशिया, नाइजीरिया तथा हंगरी में अत्याधुनिक फैक्ट्रियों के साथ इसकी वैश्विक पहुँच भी है।

यूफ्लेक्स को उत्पाद उत्कृष्टता, नवाचार और अनुकूलता के लिये प्रमुख वैश्विक पुरस्कार मिले हैं और यह दुनिया की पहली कंपनी है, जिसे प्लास्टिक के मिश्रित कचरे के पुन:चक्रण की परिकल्पना के लिये 1995 में दावोस रिसाइकल फोरम में पहचान मिली थी। ज्यादा जानकारी के लिये, कृपया विजिट करें: www.uflexltd.com